"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 171]　　　　रायपुर, गुरुवार, दिनांक 28 अप्रैल 2016 — वैशाख 8, शक 1938

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग
दाऊ कल्याण सिंह भवन (पुराना मंत्रालय) के समीप, रायपुर

प्रकरण क्रमांक एफ-68-125/तीन (दो)/न. पा./व्यय लेखा/2015/561　　　　रायपुर, दिनांक 23 अप्रैल 2016

1. श्री अमोद कुमार गुप्ता, अभ्यर्थी अध्यक्ष पद आम निर्वाचन दिसम्बर 2014, नगर पालिका परिषद्, कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव, छ. ग.
2. श्री इन्द्रदेव श्रीवास्तव, अभ्यर्थी अध्यक्ष पद आम निर्वाचन दिसम्बर 2014, नगर पालिका परिषद्, कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव, छ. ग.
3. श्री घनश्याम शर्मा, अभ्यर्थी अध्यक्ष पद आम निर्वाचन दिसम्बर 2014, नगर पालिका परिषद्, कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव, छ. ग.
4. श्री लखमूराम टण्डन, अभ्यर्थी अध्यक्ष पद आम निर्वाचन दिसम्बर 2014, नगर पालिका परिषद्, कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव, छ. ग.

आदेश
(छ. ग. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 32-ग सहपठित धारा 32-ख के अन्तर्गत)
पारित दिनांक 23 अप्रैल 2016

1. यह प्रकरण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), कोण्डागांव के प्रतिवेदन दिनांक 10 मार्च 2015 के आधार पर छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 (एतत्पश्चात् संक्षेप में अधिनियम) की धारा 32-ग सहपठित धारा 32-ख के तहत प्रारंभ किया गया है.

2. प्रकरण का संक्षिप्त विवरण यह है कि नगर पालिका परिषद्, कोण्डागांव के अध्यक्ष पद के लिये दिसम्बर 2014-जनवरी 2015 में सम्पन्न आम निर्वाचन में कुल 6 अभ्यर्थियों ने निर्वाचन लड़ा था. निर्वाचन परिणाम 4 जनवरी 2015 को घोषित किया गया. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), कोण्डागांव ने राज्य निर्वाचन आयोग को अपने ज्ञापन दिनांक 10 मार्च, 2015 के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जानकारी के साथ प्रतिवेदित किया कि नगर पालिका परिषद्, कोण्डागांव के आम निर्वाचन 2014 में अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी श्री घनश्याम शर्मा द्वारा निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तिथि 4 जनवरी 2015 के पश्चात् नियत समयावधि में विधि की अपेक्षानुसार निर्वाचन व्यय का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल नहीं किया गया है तथा श्री अमोद कुमार गुप्ता, श्री इन्द्रदेव श्रीवास्तव एवं श्री लखमूराम टण्डन द्वारा दिनांक 4 फरवरी 2015 को निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया है.

3. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), कोण्डागांव के प्रतिवेदन के परिप्रेक्ष्य में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थियों श्री अमोद कुमार गुप्ता, श्री इन्द्रदेव श्रीवास्तव, श्री घनश्याम शर्मा एवं श्री लखमूराम टण्डन को दिनांक 8 मई 2015 को अधिनियम की धारा 32-ग सहपठित धारा 32-क एवं 32-ख के अन्तर्गत सूचना प्राप्ति के 15 दिन के अन्दर इस बात की हेतुक दर्शित करने के लिए कारण बताओ सूचना जारी की गई कि वे उक्त निर्वाचन व्यय लेखा अपेक्षित समय के भीतर विहित रीति में अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करने में क्यों असफल रहे तथा क्यों न उनके विरुद्ध अधिनियम की धारा 32-ग के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए उनको पांच वर्ष से अनधिक की कालावधि के लिए निर्वाचन लड़ने तथा नगरपालिका का अध्यक्ष या

पार्षद होने के लिए निरर्हित किया जाए. उक्त कारण बताओ सूचना अभ्यर्थियों श्री अमोद कुमार गुप्ता, श्री इन्द्रदेव श्रीवास्तव, श्री घनश्याम शर्मा एवं श्री लखमूराम टण्डन को क्रमश: दिनांक 12 फरवरी 2016, दिनांक 11 फरवरी 2015, दिनांक 5 जून 2015 तथा 12 फरवरी 2015 को सम्यक् रूप से तामील की गई. अभ्यर्थियों को कारण बताओ सूचना सम्यक् रूप से तामील होने के पश्चात् भी उनके द्वारा न तो निर्धारित अवधि में और न ही आज पर्यन्त अपना जवाब अथवा अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया. ऐसी स्थिति में यह माना गया कि उक्त अभ्यर्थियों को अपने पक्ष के समर्थन में कुछ नहीं कहना है एवं तदनुसार उनके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की गई.

4. प्रकरण से सम्बन्धित अभिलेखों का परिशीलन किया गया. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), कोण्डागांव ने प्रतिवेदित किया है कि अभ्यर्थियों श्री अमोद कुमार गुप्ता, श्री इन्द्रदेव श्रीवास्तव एवं श्री लखमूराम टण्डन द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा दिनांक 4-2-2015 को प्रस्तुत किया गया है एवं अभ्यर्थी श्री घनश्याम शर्मा द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित तारीख तक प्रस्तुत नहीं किया गया है. यह अधिनियम की धारा 32-क (1) एवं 32-ख का उल्लंघन है. अधिनियम की धारा 32-क (1) निम्नानुसार है :

"**धारा 32-क. (1) अध्यक्ष के निर्वाचन में निर्वाचन व्ययों का लेखा**-प्रत्येक अभ्यर्थी निर्वाचन संबंधी उपगत उस सब व्यय का जो, उस तारीख के जिसको वह नामनिर्दिष्ट किया गया है और उस निर्वाचन के परिणामों की घोषणा की तारीख के, जिनके अन्तर्गत ये दोनों तारीखें आती हैं, बीच स्वयं द्वारा या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा उपगत या उपगत करने के लिए प्राधिकृत किया गया है, पृथक् और सही लेखा या तो वह स्वयं रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवायेगा."

इससे स्पष्ट है कि अधिनियम की धारा 32-क (1) की अपेक्षानुसार अध्यक्ष पद के निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्ययों का प्रतिदिन का लेखा रखा जाना अनिवार्य है. अधिनियम की धारा 32-ख निम्नानुसार है :

"**धारा 32-ख. निर्वाचन व्यय के लेखे को दाखिल किया जाना**-अध्यक्ष के निर्वाचन में का प्रत्येक निर्वाचन लड़ने वाला अभ्यर्थी निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा, जो उस लेखा की सही प्रति होगी जिसे उसने या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने धारा 32-क के अधीन रखा है, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास, दाखिल करेगा."

अधिनियम की धारा 32-ख की अपेक्षानुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा तिथि से 30 दिवस के अंदर निर्वाचन व्यय का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल किया जाना अनिवार्य है. निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण एवं प्रस्तुति) आदेश 2012 की कंडिका 07 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी को अधिसूचित अधिकारी नामोद्दिष्ट किया गया है. अत: उक्त व्यय लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी के पास नियत दिनांक अर्थात् 3 फरवरी 2015 तक प्रस्तुत करना था यद्यपि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) कोण्डागांव ने अपने प्रतिवेदन परिशिष्ट 36 में निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल करने की आखरी तारीख दिनांक 4 फरवरी 2015 उल्लेखित किया है.

5. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), कोण्डागांव के प्रतिवेदन तथा प्रकरण से सम्बंधित उपलब्ध अन्य अभिलेखों के परिशीलन से यह स्पष्ट होता है कि नगर पालिका परिषद्, कोण्डागांव के आम निर्वाचन 2014 में अध्यक्ष पद के अभ्यर्थियों श्री अमोद कुमार गुप्ता, श्री इन्द्रदेव श्रीवास्तव, श्री घनश्याम शर्मा एवं श्री लखमूराम टण्डन ने अधिनियम की धारा 32-क (1) तथा धारा 32-ख की अपेक्षानुसार निर्वाचन व्यय का लेखा अधिसूचित अधिकारी के पास निर्धारित अवधि में विहित रीति से न तो दाखिल किया और न ही आयोग द्वारा जारी कारण बताओ सूचना का कोई जवाब दिया. इस असफलता के लिए उन्होंने कोई कारण अथवा न्यायोचित्यता रखने की सूचना भी नहीं दी. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) के प्रतिवेदन के अनुसार अभ्यर्थियों श्री अमोद कुमार गुप्ता, श्री इन्द्रदेव श्रीवास्तव एवं श्री लखमूराम टण्डन ने दिनांक 4-2-2015 को निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल किया जबकि विधि अनुसार उनको दिनांक 3-2-2015 तक उक्त निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करना आवश्यक था. इस संबंध में यह उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने भी निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने की अंतिम तिथि की गणना में भूल करते हुए दिनांक 4-2-2015 का उल्लेख अपने प्रतिवेदन में किया है जबकि यह अंतिम तिथि 3-2-2015 थी. अत: मुझे यह समाधान हो गया है कि अभ्यर्थियों श्री अमोद कुमार गुप्ता, श्री इन्द्रदेव श्रीवास्तव, श्री घनश्याम शर्मा एवं श्री लखमूराम टण्डन प्रश्नाधीन निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि के भीतर अधिनियम के अधीन अपेक्षित रीति में आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करने में असफल रहे हैं तथा वे इस असफलता के लिये कोई उपयुक्त कारण या न्यायोचित्यता नहीं रखते हैं. तदनुसार अधिनियम की धारा 32-ग के प्रावधान अनुसार उपरोक्त अभ्यर्थियों श्री अमोद कुमार गुप्ता, श्री इन्द्रदेव श्रीवास्तव, श्री घनश्याम शर्मा एवं श्री लखमूराम टण्डन को निर्वाचन व्ययों का लेखा निर्धारित समयावधि के भीतर विहित रीति से विधि की अपेक्षानुसार दाखिल करने में असफल रहने के कारण तथा धारा 32-ग (ख) में वर्णित कोई यथोचित कारण नहीं रखने के कारण इस आदेश की तारीख से चार वर्ष एवं आठ माह की कालावधि के लिये नगरपालिका का अध्यक्ष या पार्षद होने के लिए निरर्हित घोषित किया जाता है. अधिनियम की धारा 32-ग की अपेक्षानुसार इस आदेश का प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में कराया जाए.

6. यह आदेश छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की मोहर से तारीख 23 अप्रैल, 2016 को जारी किया गया.

हस्ता./-
(पी. सी. दलेई)
राज्य निर्वाचन आयुक्त.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मुद्रणालय, रायपुर से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2016.